तापमान
अधिकतम 46 .0 डिग्री
न्यूनतम 32 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 13 जून 2024

10 लोगों की सुविधा के लिए लगाए जा रहे समाधान शिविर : डीसी



10 100 से अधिक व्यक्तियों ने किया रक्तदान



## खबर संक्षेप

### तीन पिस्तौल व 25 जिंदा कारतूस के साथ दो काबू

**जींद।** जुलाना पुलिस ने करसौला रोड पुल के नीचे दो लोगों को काबू कर कब्जे से तीन पिस्तौल तथा 25 जिंदा कारतूस बरामद किए है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों लोगों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुलाना थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि करासोला मोड पूल के नीचे दो व्यक्ति अवैध असलहा के साथ खडे.हुए हैं।

### ट्रक की टक्कर से 55 वर्षीय मजदूर की मौत

**कैथल।** बाता गांव के निकट ट्रक की टक्कर से 55 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। बात्ता के शीशपाल ने कलायत थाना में शिकायत दी कि 12 जून को सुबह सवा चार बजे वह बात्ता से पैदल कैथल लकड़ी का काम करने के लिए आ रहा था। जब वह बात्ता बस अड्डा पुल के ऊपर पहुंचा तो उनके गांव का 55 वर्षीय कृष्ण भी लकड़ी का काम करने के लिए कैथल आ रहा था।

### युवती लापता, अपहरण का मुकदमा दर्ज

**जींद।** लोको कालोनी से युवती के गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
लोको कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस दोपहर बाद उसकी 17 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा।

### 505 बोतल अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति काबू

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ इंचार्ज निरीक्षक रिषिपाल ने बताया कि रामराय बस अड्डा पर सूचना के आधार पर पुलिस ने गांव बास बादशाहपुर निवासी मनजीत गांव गुलकनी से मिलकपुर रोड पर खेतों में बने कमरे के सामने अवैध शराब बेचने का काम कर रहा है। सूचना पर टीम ने मौके पर पहुंचकर देखा तो एक लड़का खेत में बने कमरे के सामने खड़ा दिखाई दिया।

### घर में घुस हत्या करने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने घर में घुस कर व्यक्ति की हत्या करने के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। हाउसिंग बोर्ड कालोनी अनीता ने गत सात अप्रैल को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि अर्बन एस्टेट निवासी अमित व एक अन्य व्यक्ति उनके घर पर आए।

### 28वें महावीर अवार्ड के लिए आवेदन आमंत्रित

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि भगवान महावीर फाउंडेशन द्वारा 28वें महावीर अवार्ड के लिए चार क्षेत्रों क्रमशः अहिंसा व शाकाहार, शिक्षा, दवा व समुदाय और सामाजिक सेवा में आवेदन आमंत्रित किए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 30 जुलाई तय की है। फाउंडेशन ने उपरोक्त चार क्षेत्रों में पुरस्कार दिए जाने हैं, जिनमें प्रत्येक क्षेत्र में विजेता को 10 लाख रुपये, एक प्रशस्ति पत्र स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा।

### महिला से अश्लील हरकत, मामला दर्ज

**जींद।** नरवाना के शनि मंदिर के निकट महिला से अश्
करने तथा विरोध करने पर मारपीट करने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव ढाकल रोड निवासी एक महिला ने पुलिस को शिकायत दी है।

### काम की कहकर गई दो युवतियां नहीं लौटी वापस

**कैथल।** सुबह घर से काम पर जाने की बात कहकर गई दो युवतियां वापस नहीं लौटी। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताई है। महिला ने पुलिस को शिकायत दी कि 10 जून को सुबह के समय उसकी 20 वर्षीय बेटी व उसकी भांजी के साथ सेक्टर 20 में मकानों में सफाई करने गई थी।

### लोगों को बाहर से पानी की बोतलें खरीद कर काम चलाना पड़ा

# ट्यूबवेल में आई तकनीकी खराबी, नागरिक अस्पताल में पेयजल के लिए मचा हाहाकार

**गायनी वार्ड में हर समय डिलिवरी से पानी की खपत ज्यादा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में बुधवार को पेयजल के लिए उस समय हाहाकार मच गया जब नलों में पानी नही आया। अस्पताल में उपचार के लिए आए लोगों, तीमारदारों को पीने के पानी तथा शौच आदि के लिए ईधर-उधर दौड़ना पड़ा। अस्पताल में लगाए गए ट्यूब्वैल कनैक्शन के दो फ्यूज रात को उड़ गए थे।

तकनीकी खामी के चलते ट्यूब्वैल चल नही पाए। तकनीशियन द्वारा लगभग 20 हजार का खर्च बताया गया। जिसे आनन-फानन में जुटा कर ट्यूब्वैल कनेक्शन के फ्यूज तथा अन्य तकनीकी खामी को दूर करवाया गया। जिसके बाद ही अस्पताल में पानी सप्लाई की व्यवस्था सुचारू हो पाई। जब तक पानी नही आया तब तक लोगों को बाहर से पानी की बोतलें खरीद कर काम चलाना पड़ा। जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल 200 बैड का है। सुबह होते ही लोग उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचना शुरू हो जाते हैं। मंगलवार रात को अस्पताल में मौजूद ट्यूब्वैल कनैक्शन के फ्यूज उड़ गए थे। इसके अलावा मोटर में भी तकनीकी खामी आ गई। रात को तो जैसे-तैसे टंकियों में मौजूद पानी से काम चल गया। सुबह ट्यूब्वैल न चल पाने के कारण पेयजल सप्लाई सुचारू नही हो सकी और अस्पताल में आए लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ा।

मामला जैसे ही अस्पताल प्रशासन के संज्ञान में आया तो डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने तकनीशियनों व बिजली कर्मियों को बुलाया। जिन्होंने जांच कर फॉल्ट पर लगभग 20 हजार का खर्च बताया। जिस पर बजट का प्रबंध कर पेयजल सप्लाई को सुचारू करवाया गया। लगभग 11 बजे तक अस्पताल में आए मरीजों को न तो पीने के लिए पानी उपलब्ध हो पाया था और न ही शौच के लिए। बाद में तकनीकी खामी दूर होने पर पानी की सप्लाई को सुचारू करवाया गया। जिस पर अस्पताल प्रशासन ने राहत की सांस ली। अस्पताल के गायनी वार्ड और ओपीडी वार्ड में उपचार के लिए आए लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी हुई। इन्हीं वार्डों में पानी की लागत ज्यादा रहती है और यहीं सबसे ज्यादा मरीज भी आते हैं। भीष्ण गर्मी के चलते पानी की खपत भी बढ़ गई है। जनरल वार्ड में भी मरीज दाखिल रहते है। मरीज भी पानी का ज्यादा इस्तेमाल करते है। नर्स भी हाथ धोने या अन्य काम में पानी का इस्तेमाल ज्यादा करती है। क्योंकि हर समय मरीजों के पास रहने से संक्रमण का खतरा रहता है। गायनी वार्ड में भी हर समय डिलिवरी का काम होता है तो पानी की खपत ज्यादा होती है।



जींद। उपचार के लिए आई महिला बाहर से पानी की बोतल लाकर प्यास बुझाते।



जींद। चिकित्सक के कमरे के बाहर लगी मरीजों की लाइन। फोटो :हरिभूमि

**तकनीकी खामी को ठीक करवाया**

डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि अस्पताल में जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए ट्यूबवेल के कनेक्शन में तकनीकी खामी आ गई थी। फ्यूज उड़ गए थे। खामी को दूर करने पर 20 हजार रुपये का खर्च था। बजट उपलब्ध करवा कर खामी को दूर करवा दिया गया है। पेयजल सप्लाई बहाल हो गई है और लोगों को किसी तरह की कोई परेशानी नही आने दी जाएगी।

**11.66 लाख से लगा था ट्यूबवेल**

नागरिक अस्पताल को पहले राजकीय महाविद्यालय में लगे ट्यूब्वेल से पानी की सप्लाई होती थी लेकिन यह सप्लाई समय-समय पर बाधित होती थी। ऐसे में पीने के पानी की परेशानी को देखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग ने 11.66 लाख रुपये का ट्यूबवेल लगवाया था। जिसे जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा बोर करवाया गया था।



जींद। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो :हरिभूमि

## उधार पर शराब की बोतल नहीं देने पर की थी ठेका सेल्समैन की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव जैजैवंती में सेल्समैन की हत्या उधार पर शराब देने से मना करने पर की गई थी। जिससे खफा होकर आरोपितों ने कुल्हाडी की मूंज तथा बिंडो से बेरहमी से पिटाई की गई। जिसके बाद आरोपित सेल्समैन को बाइक पर डाल कर गांव के चौराहे पर ले गए और वार कर उसके हाथ -पांव तोड़ डाले। जिसके बाद सेल्समैन की मौत हो गई। जुलाना थाना पुलिस ने सेल्जमैन हत्याकांड के दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर अदालत से तीन दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। क्या था मामलाः गांव जैजैवंती निवासी आंनद (42) शराब ठेका सेल्जमैन की गत आठ जून का पीट-पीट कर हत्या कर दी गई थी। जुलाना थाना पुलिस ने मृतक के भाई अशोक की शिकायत पर गांव के ही विजय तथा दीपांशु के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। वारदात को अंजाम देकर दोनों आरोपित फरार हो गए थे। बीती रात पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को काबू कर लिया।

**आरोपी रिमांड पर**

डीएसपी रोहताश ढुल ने बताया कि उधार पर शराब न देने के कारण दोनों आरोपितों ने शराब ठेका सेल्समैन की हत्या की थी। आरोपित विजय पर लूटपाट, शस्त्र अधिनियम समेत आधा दर्जन आपराधिक मामले दर्ज है। दोनों आरोपितो का अदालत से रिमाड पर लिया गया है।

**पीट-पीटकर हत्या की**

जैजैवंती निवासी आरोपित विजय तथा उसका चचेरा भाई दिपांशु ने पुलिस पूछताछ में बताया कि दोनों आठ जून रात को शराब पी रहे थे। उनकी शराब खत्म हो गई। जिसके बाद दोनों बाइक लेकर ठेके पर पहुंचे और सेल्जमैन आनंद से उधार पर शराब की बोतल मांगी। आनंद ने देने से मना कर दिया। जिस पर दोनों ने वहां रखे कुल्हाडे तथा बिंडे से आनंद की पिटाई की। जिसके बाद वे आनंद को बाइक पर डाल कर गांव में खेड़ा के निकट चौराहे पर ले गए। जहां पर फिर से आनंद पर वार किए गए। लोगों को आता देख दोनो बाइक से फरार हो गए।

## कागजों तक सिमटा रखरखाव और रिपेयर कार्य

- गांव सजूमा में पेयजल योजना प्रबंधन में लंबे समय से चल रही घोर लापरवाही उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

जन स्वास्थ्य विभाग मंडल नंबर 1 के अधीन गांव सजूमा में वाटर ट्रिटमेंट प्लांट निर्माण योजना पर उठे सवालों के साथ-साथ जन स्वास्थ्य विभाग की पुरानी पेयजल योजना के प्रबंधन में बड़ी विफलता सामने आई है। वर्षों पहले ग्रामीणों ने इस उम्मीद से जमीन उपलब्ध करवाई थी कि पानी संकट का अध्याय हमेशा के लिए बंद होगा। पेयजल योजना के रखरखाव एवं रिपेयर के नाम पर गांव में सब कुछ ठीकठाक नहीं चला। इसकी मुंह बोलती तस्वीर जल योजना की आस्तित्व खो चुकी चारदीवारी, खस्ता टैंक, जंगल में तबदील परिसर, टूटे-फूटे उपकरण, नकारा मोटर व अन्य संसाधन खुद पेश कर रहे हैं। इसके चलते ग्रामीण वर्षों से योजना के रखरखाव और रिपेयर के नाम पर व्यय की गई राशि की जांच करवाने की मांग उठा रहे हैं।

उनका कहना है जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुधारीकरण के नाम पर कागजों में पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है। जबकि धरातल पर गड़बड़झाला उजागर हो रहा है। जन स्वास्थ्य विभाग का मुख्य ध्येय पानी की एक-एक बूंद की बचत का संदेश लोगों को देना है। हैरानी का विषय है कि सजूमा गांव की पेयजल योजना में जगह-जगह पानी व्यर्थ बह रहा है।



कलायत। गांव सजूमा के जल घर परिसर में व्यर्थ बहाया जा रहा पानी।

**पेयजल प्रबंधन को लेकर गंभीरः खंडूजा**

जन स्वास्थ्य विभाग कैथल सर्कल अधीक्षक अभियंता ए.के खंडूजा ने बताया कि नागरिकों को साफ जल मुहैया करवाने के लिए विभाग पूरी तरह गंभीर है। पेयजल योजना के प्रबंधन में किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं होगी। संबंधित अधिकारियों से जवाबतलबी करते कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## डीजल चोरी और वीडियो बनाने से खफा चालक ने की खुदकुशी

- गाड़ी मालिक के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गाड़ी मालिक ने डीजल चोरी का आरोप लगाया ओर वीडियो बनाई तो खफा उसके चालक ने जहरीला पदार्थ निगल कर आत्महत्या कर ली। अलेवा थाना पुलिस ने मृतक चालक के बेटे की शिकायत पर गाड़ी मालिक के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने, एससी-एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पेशे से गाड़ी चालक गांव नगूरां निवासी रामफल (52) ने संदिग्ध हालात के चलते खेत जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिसे परिजनों द्वारा गंभीर हालत में उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान रामफल ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पाकर अलेवा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक के बेटे प्रदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पिता रामफल गांव उझाना निवासी सुरेंद्र की गाड़ी चलाता था। सुरेंद्र ने उसके पिता पर तीस लीटर डीजल गाड़ी से चुराने का आरोप उसके पिता पर लगाया। आरोपित ने उसके पिता को जातिसूचक गालियां दी और उसके पिता की वीडियो भी बना ली। घर लौटने के बाद उसके पिता ने डीजल चोरी के आरोपों के बारे में बताया। जिस पर उसने 2800 रुपये गाड़ी मालिक सुरेंद्र के खाते में डलवा दिए। जब उसके पिता को वीडियो बनाने के बारे में पता चला तो वह परेशान हो गया।



कलायत। सीवरेज मैन हाल में धंसी ट्राली। फोटो :हरिभूमि

### सीवरेज का मेनहाल धंसने से ट्रैक्टर-ट्राली फंसी

**कलायत।** प्राचीन मां बसंती मंदिर की मुख्य गली में जन स्वास्थ्य विभाग का सीवरेज मैन हाल धंस गया। हादसा उस समय हुआ जब किसान सत्यवान सिंह ट्रैक्टर-ट्राली के जरिये मेटिरियल लेकर यहां से निकल रहे थे। इसी दौरान अचानक ट्राली का एक पहिया सीवरेज में धंस गया और वाहन पलट गया। किसान ने सूझबूझ से खुद का बचाव किया। जबकि वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। गंभीर हादसे को देखते हुए लोग मदद के लिए मौका स्थल की तरफ दौड़े। प्रदीप जैलदार, सन्नी राणा, शिव कुमार, दशरथ राणा और दूसरे लोगों ने कहा कि काफी समय से गली में सीवरेज व्यवस्था बुरी तरह से खराब है। बार-बार सीवरेज ओवर फ्लो होने से लोग बेहाल रहते हैं। मामला सीएम विंडो के माध्यम से प्रशासन के संज्ञान में है। बावजूद इसके समस्या का कोई हल नहीं हुआ। गनीमत रही कि हादसे के समय गली में कोई नहीं था। जिस प्रकार वाहन बुरी तरह से सीवरेज मैन हाल में धंसा उससे आवासीय क्षेत्र में बड़ा हादसा हो सकता था। मैन हाल में फंसे वाहन को किसानों और आसपास के लोगों ने भारी मशक्कत से बाहर निकाला।

## युवती से दोस्ती पड़ी महंगी, 1.87 लाख का चूना

- कोई न कोई बहाना बना कर ऐंठती रही रुपये, मामला दर्ज
- पीड़ित के नंबर को किया ब्लॉक, इंस्टा आईडी को किया बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंस्टा पर युवती से दोस्ती तथा बातचीत करना एक युवक को महंगा पड़ गया। युवती ने युवक को एक लाख 87,800 का चूना लगा दिया। जिसके बाद युवती ने अपनी इंस्टा आईडी को बंद कर दिया और उसके नंबर को भी ब्लॉक कर दिया। साइबर थाना पुलिस ने पीडित की शिकायत पर युवती के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव हथवाला निवासी नसीब ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपने नाम से इंस्टा आईडी बनाई हुई है। आईडी पत्नी के साथ फोटो लगाई हुई थी। उसकी आईडी पर जिद्दी जट्टी की आईडी से गांव के मंदिर की फोटो भेजी। जिसके साथ उनका बातचीत का सिलसिला शुरू हो गया। युवती ने खुद का नाम पूजा तथा हिसार की रहने वाली बताया। उसने गांव के ही एक युवक की फोटो भेज कर उसकी रिश्तेदार बताया। जिसके बाद युवती ने 3800 रुपये की जरूरत बताया। जिसे उसके फोन पे नंबर पर भेज दिए। फिर दूसरे नबर से उसके पास फोन आया ओर जींद आकर मिलने की बात कही। दो दिन बाद पूजा ने उसका व्हाट्सअप नंबर मांगा। पूजा ने काई ना काई बहाना बना कर उससे एक लाख 87,800 रुपये ले लिए। जब वह रुपये वापस मांगने लगा तो उसने उसका नंबर ब्लॉक कर दिया और इंस्टा आईडी भी बंद कर दी। जब उसने गांव के युवक से पूजा के बारे में पूछा तो उसने किसी भी रिश्तेदारी में पूजा नाम की युवती होने से मना कर दिया। साइबर थाना पुलिस ने नसीब की शिकायत पर अज्ञात युवती के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर थाने के जांच अधिकारी सतबीर सिंह ने बताया कि पीड़ित युवक ने धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## खालिस्तानी कहकर मारपीट करने के आरोपितों की सूचना देने वाले को मिलेंगे 10 हजार रुपये

- एसपी ने लोगों से शांति-सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल में 10 जून को एक सिक्ख युवक को खालिस्तानी कहते उसके साथ मारपीट करने के मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है। सिक्ख समाज इसे लेकर एसपी से मिला। एसपी उपासना ने बताया कि इससे धार्मिक भावना आहत हुई है। ऐसे में इस संबंध में आरोपियों की सूचना पुलिस को देने पर पुलिस द्वारा 10 हजार रुपये का नकद ईनाम दिया जाएगा। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। आरोपियों बारे सुचना कंट्रोल रुम कैथल, इंचार्ज सीआईए-1 कैथल तथा एसएचओ सिविल लाईन कैथल के नंबर दे सकते है। एसपी उपासना ने बताया कि 10 जून 2024 की रात करीब 9.55 बजे बस स्टैंड कैथल के पास फाटक से आगे हुड्डा सेक्टर 19 कट के पास काली स्प्लेंडर बाइक पर सवार 2 अज्ञात युवको द्वारा कैथल निवासी सुखविंद्र सिंह के साथ मारपीट करते हुए धार्मिक भावना आहत करने वाले शब्द बोले गए। जिस बारे शिकायतकर्ता सुखविंद्र की शिकायत पर थाना सिविल लाईन कैथल में मामला दर्ज किया गया। एसपी ने बताया की उक्त मामले की जांच के लिए डीएसपी गुरविंद्र सिंह के नेतृत्व में 5 सदस्यीय एसआईटी का गठन किया गया है।

### फोरच्यूनर सवारों ने 1.20 लाख रुपये नकदी छीनी

**जींद।** गांव अलेवा के निकट जम्मू-कटरा नेशनल हाईवे के निकट फोरच्यूनर सवार चार-पांच युवकों ने स्कूटी सवार व्यक्ति से 1.20 लाख रुपये की नगदी छीन ली और फरार हो गए। अलेवा थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात फोरच्यूनर सवारों के खिलाफ छीना छपटी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
गांव छात्तर निवासी अजब सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह स्कूटी पर सवार होकर गांव अलेवा एचडीएफसी बैंक में 1.20 रुपये की राशि जमा करवाने जा रहा था। गांव अलेवा की तरफ निर्माणाधीन जम्मू-कटरा नेशनल हाइवे के निकट पहुंचा तो फोरच्यूनर सवार युवकों ने उसे रूकने का इशारा किया। गाड़ी में चार-पांच युवक बैठे हुए थे। स्कूटी के रूकते ही गाड़ी में आगे बैठे युवक ने झपट्टा मार कर उसकी जेब से पॉलीथिन निकाल लिया। जिसमें 1.20 लाख रुपये की नगदी थी। वारदात को अंजाम देकर आरोपित गाड़ी से फरार हो गए। अलेवा थाना पुलिस ने अजब सिंह की शिकायत पर अज्ञात गाड़ी सवारों के खिलाफ छीना झपटी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**खर्च होंगे साढ़े 18 लाख, शहरी विकास प्राधिकरण ने लगाया टेंडर**

# सेक्टरों की स्ट्रीट लाइट की होगी मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सेक्टर छह, सात, आठ व नौ में 18 लाख 61 हजार 562 रुपये की राशि से स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत होगी। चारों सेक्टरों में 25 वॉट की 800 से ज्यादा, 72 वॉट की 300 से ज्यादा व 100 से 150 वॉट की 350 से ज्यादा स्ट्रीट लाइट लगी हैं। वहीं चारों सेक्टरों में लगभग 2500 मकान हैं। इसके लिए शहरी विकास प्राधिकरण से टेंडर लगाया है। जिसकी ऑनलाइन बिड 14 जून को खुलेगी, फिर जिस भी कंपनी को टेंडर अलॉट किया जाएगा। वह पूरे साल के दौरान सेक्टरों की स्ट्रीट लाइट के रखरखाव का ध्यान रखेगी। यह राशि वर्ष 2024-25 के सत्र के दौरान पूरे वर्ष खर्च की जाएगी। इसमें से आठ लाख 98,284 रुपये की राशि ईडीसी कैटेगरी के तहत चारों सेक्टरों के डिवाइडिंग रोड, आउटर रोड, एसटीपी, डब्यूटीपी व सेक्टरों में स्थित पार्कों् की लाइट की मरम्मत पर खर्च की जाएगी। वहीं आईडीसी कैटेगरी के तहत सेक्टरों के अंदर वाले रोड पर स्थित लाइटों की मरम्मत की जाएगी।

गौरतलब है कि सेक्टर छह, सात, आठ व नौ से होकर गुजरने वाले रास्ते सफीदों रोड, हैबतपुर, नरवाना-रोहतक हाईवे को जोड़ता है। इस कारण यहां वाहनों का आवागमन 'यादा रहता है। सेक्टर छह के पास ही सोमनाथ मंदिर व सब्जी मंडी भी है। ऐसे में लोग एक ओर जहां पूजा करने के लिए आते हैं। वहीं अहिरका, हैबतपुर, अमरहेड़ी सहित आसपास के गांव के किसान अलसुबह मंडी में सब्जियां लेकर पहुंचते हैं। वहीं रात के समय भी चारों सेक्टरों के लोग खाना खाने के बाद सैर करते हैं। सेक्टरों में स्ट्रीट लाइट खराब रहती हैं। इस कारण रात के समय यहां अधेरा रहता है। स्ट्रीट लाइटों से एमसीबी खराबए स्विच खराब होने, कॉर्बन जमने जैसी समस्या समस्याएं आती रहती हैं। सेक्टरवासियों ने कहा कि अगर स्ट्रीट लाइट ठीक होंगी तो उनके साथ-साथ वाहन चालकों को भी राहत मिलेगी।

**साल भर लाइटों की देखभाल होगी**

एचएसवीपीपी के जेई अमित ने बताया कि सेक्टर छह से नौ में स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत के लिए एचएसवीपी द्वारा टेंडर लगाया गया है। टेंडर के तहत दो कैटेगरी में सेक्टरों की लाइटों को बांटा गया है। जिसके तहत 18 लाख 61 हजार रुपए की राशि खर्च की जाएगी। इस राशि से पूरे वर्ष सेक्टरों की लाइटों की देखभाल रखी जाएगी ताकि लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके।

### नशा तस्कर 21.50 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार

**कैथल।** नशा के दुष्प्रभाव बारे जागरूक करने के साथ साथ नशा मुक्त हरियाणा मुहिम तहत कैथल पुलिस द्वारा नशा तस्करों की धरपकड़ विशेष मुहिम चलाई जा रही है। जिसके तहत मंगलवार को एंटी नारकोटिक सैल द्वारा ढांड क्षेत्र से नशा तस्कर को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 21.50 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल के एसआई जोगिंद्र सिंह की टीम शाम के समय गश्त दौरान ढांड क्षेत्र के गांव धेरडु के संगरौली मोड पर मौजूद थी। जहां पुलिस को सहयोगी सुत्रो से गुप्त जानकारी मिली कि गांव धेरडु निवासी कर्मबीर अपने घर में मादक पदार्थ हेरोइन बेचने का काम करता है। जिसको मकान पर रेड करके उसे हैरोईन सहित काबू किया जा सकता है। पुलिस द्वारा रेडिंग पार्टी का गठन कर उक्त मकान पर दबिश देकर संदिग्ध कर्मबीर उपरोक्त को काबू कर लिया। नियमानुसार कार्रवाई तहत बीईओ कैथल नरेश के समक्ष संदिग्ध की ली गई तलाशी दौरान कब्जे से 21.50 ग्राम हेरोइन बरामद की।

## खबर संक्षेप

### राहगीरों को पिलाया जलजीरा, ठंडा पानी

**उचाना।** बढ़ रहे तापमान से लोगों को राहत देने के लिए भीषण गर्मी में ठंडे मीठे पानी की छबीले लगातार शहर के बाजारों में लगाई जा रही है। रजबाहा रोड पर महाराजा अग्रसेन चौक लगाई गई छबील में राहगीरों, वाहन चालकों को पानी पिलाया गया। युवाओं ने बताया कि गर्मी के मौसम में हर बार ठंडे पानी की छबील लगाते है। इस बार गर्मी अधिक होने पर निरंतर शहर में छबील लगाई गई जा रही है।

### तीन स्थानों पर टूटे ताले हजारों का सामान चोरी

**जींद।** जिले में बीती रात चोरों ने एक स्कूल समेत तीन स्थानों पर ताले तोड़ कर बैटरी, इन्वर्टर तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर पुलिस ने चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव डूमरखां खुर्द निवासी आनंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके मकान का ताला तोड़ कर चार हजार रुपये की नगदी व अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### दो युवतियां तथा एक महिला लापता, केस

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों तथा एक महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलो की जांच कर रही है। गांव रूपगढ़ निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 35 वर्षीय पत्नी घर से गायब हो गई।

### सड़क दुर्घटना का मामला दर्ज

**सफीदों।** सफीदों पुलिस ने सड़क दुर्घटना का मामला दर्ज किया है। सफीदों पुलिस को दिए ब्यान में गांव आसन कलां (पानीपत) निवासी अरुण ने कहा कि नौ जून को वह मोटरसाईकिल पर अपने गांव से सफीदों में किसी कार्य से आया हुआ था। वह काम समाप्त करके सांय को वापिस बाईक पर अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वह करसिंधु फार्म से थोड़ा आगे गुरुद्वारा के सामने पहुंचा तो एक अज्ञात गाड़ी चालक ने तेज रफ्तार से चलाता बाईक में टक्कर मारी।

### बच्चों को अच्छे संस्कार देना हमारा कर्तव्यः शास्त्री

**जींद।** शांति धर्मी परिसर में 10 दिन से चल रहे योगासन व व्यायाम प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को समापन हो गया। शिविर का संयोजन आचार्य सत्य सुधा शास्त्री ने किया। आस्था आर्य व प्रतिष्ठा ने प्रशिक्षण में सहयोग किया। बच्चों ने योगासन, प्राणायाम व लघु व्यायाम का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### 15 जून तक यूनिवर्सिटी में लगेगा योगाभ्यास शिविर

**जींद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को होने वाले जिला स्तरीय योग कार्यक्रम तैयारियों की श्रृंखला में ही 13 से 15 जून तक स्थानीय चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित योग भवन में योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया जाएगा। योग शिविर में एनसीसी, एनएसएस नेहरू युवा केंद्र, स्काउट्स, कैडेट्स के अलावा अधिकारियों व कर्मचारियों को योगाभ्यास करवाया जाएगा।

### जीवन में होने चाहिए 36 नहीं चार गुण : तिलकश्री

**उचाना।** पुरानी मंडी में तेरापंथ भवन में प्रवचन करते हुए शासन श्री साध्वी तिलकश्री ठाणे-3 ने धर्म सभा में कहा कि जीवन में गुण 36 नहीं बल्कि चार चाहिए। अच्छा व्यवहार, साफ नियत, नेक दिल और ईमानदारी जीवन में होनी चाहिए। जीवन में एक गलतफहमी अच्छे से अच्छे रिश्ते को तोड़ देती है लेकिन वह रिश्ता अच्छा कैसा हुआ जो एक गलतफहमी में टूट जाए।

### हाईकमान को दी रणजीत चौटाला ने जानकारी : संदीप

**उचाना।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप घोघड़िया ने भाजपा हिसार लोकसभा से उम्मीदवार रहे रणजीत चौटाला एवं चुनाव में प्रचार में उचाना हलके में पहुंचे उनके पोते सूर्यप्रकाश चौटाला से मुलाकात की। घोघड़िया ने बताया कि उचाना हलके में मिले 45 हजार के करीब मतों से रणजीत चौटाला पूरी तरह से खुश नजर आए।

## 107 में से 70 समस्याएं परिवार पहचान पत्र से संबंधित आई

# लोगों की सुविधा के लिए लगाए जा रहे समाधान शिविर : डीसी

### नागरिकों ने कहा : एक ही जगह पर सभी अधिकारी मिलने से मिली बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बुधवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ लघु सचिवालय के सभागार में सुबह 9 बजे 11 बजे तक समाधान शिविर लगा कर नागरिकों की समस्याएं सुनी। समाधान शिविर में 107 लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। उपायुक्त ने समस्याओं से संबंधित विभागों के अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं का निवारण करने के निर्देश दिए। वहीं दूसरी ओर समाधान शिविर में पहुंचे लोगों ने कहा कि सभी अधिकारी एक जगह पर मिलने से इनको काफी राहत मिली है। समाधान शिविर में सुबह 9 बजे से ही फरियादी पहुंचने शुरू हो गए। सबसे पहले समस्या लेकर पहुंचे नागरिकों का हेल्प डेस्क पर पंजीकरण किया गया। उसके बाद एक-एक करके डीसी ने अपने पास बुलाया और उनकी समस्याओं को सुना। उपायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए की नागरिकों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। लोगों को निर्बाध रूप से बिजली और पर्याप्त मात्रा में पेयजल मिले। उन्होंने जनता से सीधे रूप से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिकों की समस्याओं के समाधान के प्रति पूरी तरह से संवेदनशील होकर कार्य करें। सरकार के निर्देशानुसार जरूरतमंद लोगों को पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। शिविर में पहुंचे 107 लोगों की डीसी ने समस्याएं सुनी। इनमें से करीब 70 समस्याएं परिवार पहचान पत्र में नाम ठीक करवाने, पीएपी में इनकम दुरुस्त करवाने, व्यवसाय दुरुस्त करवाने, वृद्धावस्था पेंशन, राशन कार्ड बनवाने, परिवार पहचान पत्र में नए सदस्य जोडऩे से संबंधित थी। इनके अलावा मुख्य रूप से छह समस्याएं पुलिस से संबंधित रही। सात लोग जमीन से संबंधित मामले लेकर पहुंचे। सात मामले डीएमसी से संबंधित और दो लोग पेयजल से संबंधित समस्या लेकर पहुंचे। समाधान शिविर में अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे नागरिकों ने कहा कि डीसी द्वारा शिविर लगाने सूचना पाकर ही वे अपनी समस्या लेकर यहां पहुंचे हैं। एक ही जगह पर उनको सभी अधिकारी मिले हैं। इससे उनको बहुत बड़ी राहत मिली है। एक समस्या को लेकर अलग-अलग कार्योंर् का कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़े हैं। स्वयं डीसी ने उनकी समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों को उनकी उनकी दरखास्त सौंपी हैं। समाधान शिविर में काठमंडी चक्का रोड निवासी उषा देवी परिवार पहचान पत्र में आय दुरुस्त कर विधवा पेंशन बनवाने, गांव बुढाखेड़ा निवासी सोना देवी विधवा पेंशन बनवाने के लिए पहुंची।



**जींद।** समस्याओं का समाधान करते हुए प्रशासनिक अधिकारी।

### समाधान शिविर में दूसरे दिन 21 शिकायतें आई

**नरवाना।** एसडीएम अनिल कुमार दून की अध्यक्षता में बुधवार को उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर संपन्न हुआ। दूसरे दिन समाधान शिविर में कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका मौके पर संबधित विभाग के अधिकारियो ने समाधान किया ।के इस शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और जनसाधारण की समस्याएं सुनी। एसडीएम अनिल कुमार दून ने बताया कि रा'य सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिला एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। यह शिविर प्रत्येक कार्य दिवस को सुबह 9रू00 बजे से 11रू00 बजे तक निरंतर आयोजित किए जाएंगे। इस समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का मौके पर समाधान करना है उन्होंने बताया कि शिविर के ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का बराबर लाभ मिल सके और समस्याओं के समाधान से जनसाधारण को राहत पहुंचे। समाधान शिविर में प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, सभी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, बिजली एवं पेयजल से संबंधित समस्याओं को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। दुसरे दिन नरवाना से प्रॉपर्टी आईडी में त्रुटियों के समाधान के लिए तीन आवेदन, बिजली आपूर्ति व पेयजल आपूर्ति से संबंधित एक-एक आवेदन, नरवाना व मोहल खेड़ा से बुढ़ापा पेंशन से संबंधित तीन आवेदन प्राप्त हुए हैं इसी प्रकार परिवार पहचान पत्र से संबंधित छह शिकायतें व गांव उझाना से कन्यादान राशि से संबंधित शिकायत भी प्राप्त हुई। वहीं पुलिस विभाग से सबंधित दो दिन में अबतक एक ही शिकायत प्राप्त हुई है जिसका मौके पर निदान कर दिया पुलिस प्रशासन से लोग सतुंष्ट है। इस शिविर में डीएसपी नरवाना अमित भाटिया, बीडीपीओ नरवाना जितेंद्र सिंह, एसडीओ जन स्वास्थ्य विभाग नवीन कुमार, एम-ई रमनदीप सिंह, प्राचार्या संतोष कुमारी, एसडीओ सिंचाई विभाग सुखदर्शन सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



### दस में से दो शिकायतों का मौके पर ही किया समाधान

**सफीदों।** लघु सचिवालय सभागार में बुधवार को नायब तहसीलदार राजेश गर्ग की अध्यक्षता में समाधान शिविर संपन्न हुआ। शिविर में अधिकारियों ने स्टॉल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी। इस शिविर में सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर के दौरान नायब तहसीलदार ने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का मौके पर समाधान करना है ताकि लोगों को सरकार से मिलने वाली सभी योजनाओं का समय पर लाभ मिल सके। इस दौरान सफीदों उपमंडल ने सुबह 9 से लेकर 11 बजे तक कुल 10 शिकायतें आई। जिनमें से पांच शिकायतें फैमिली आईडी में आय दुरूस्त करवाने से संबंधित थी। नायब तहसीलदार गर्ग ने निर्देश देते कहा कि सभी संबंधित अधिकारी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लें और तत्परता से समाधान करें। 10 शिकायतों में से दो शिकायतों का मौके पर ही हल कर दिया गया।



### बगैर किसी देरी के लोगों को योजनाओं का लाभ दें: एसडीएम

**उचाना।** एसडीएम गुलजार मलिक ने सुबह नौ बजे से 11 बजे तक समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनी। शिविर में करीब 16 समस्याएं आईए जिनमें से छह समस्याएं फेमिली आईडी से संबंधित थी। शिविर के दौरान नागरिक जोहड़ व खेत की निशानदेही, विकास के लिए ग्रांट जारी करवाने, आधार कार्ड को लिंक करवाने, राशन कार्ड बनवाने और परिवार पहचान पत्र में आय और जाति आदि दुरूस्त करवाने के लिए पहुंचे। एसडीएम ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार विलंब न हो। उन्होंने बिजली, पेयजल, समाज कल्याण, कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग आदि के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए लोगों को बिना किसी देरी के योजनाओं का लाभ पहुंचाएं।

के

### नागरिक समाधान शिविर में करवाएं समस्या का समाधान : अजय कुमार

**जुलाना।** एसडीएम अजय कुमार ने अपने कार्यालय में समाधान शिविर के दौरान नागरिकों की समस्याएं सुनी। एसडीएम ने नागरिकों से आह्वान करते हुए कहा कि नागरिक समाधान शिविर में पहुंच कर अपनी समाधान करवाएं। समाधान शिविर के दौरान मुख्य रूप से देवरड़ गांव के लोगों ने एसडीएम के समक्ष पानी के खाल को खुलवाने की मांग रखी। ग्रामीणों ने ने कहा कि खाल अवरूद्ध होने से पानी गलियों में आ रहा हैए इससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एसडीएम ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को खाल की सफाई करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। गांवों में सफाई व्यवस्था को दुरूस्त किया जाए। एसडीएम के समक्ष गांवों में लंबित निशानदेही के मामले भी आएए जिस पर उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि निशानदेही की शिकायतों पर तत्परता से कार्रवाई करें। अपनी समस्या लेकर पहुंचे नागरिकों से एसडीएम ने कहा कि वे समाधान शिविर में अपनी समस्या का समाधान करवा सकते हैं।

# ओमसिंह बने जिला इकाई के प्रधान

- रिटायर्ड कर्मचारियों की बैठक बुधवार को जाट धर्मशाला में हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रिटायर्ड कर्मचारियों की बैठक बुधवार को जाट धर्मशाला में हुई। इसकी अध्यक्षता रिटार्ड कर्मचारी संयुक्त मच हरियाणा के उपाध्यक्ष मिया सिंह खटकड़ ने की। बैठक में रा'य सरकार, केंद्रीय सरकार, औद्योगिक क्षेत्र, कारपोरेशन नगर निगम, बोर्डोंर् आदि के रिटायर्ड कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान रिटायर्ड कर्मचारी प्रकोष्ठ कांग्रेस पार्टी की जिला जींद इकाई का गठन किया गया। इसमें रा'य चेयरमैन महावीर मलिक तथा वरिष्ठ रा'य उप चेयरमैन आजाद सिंह पर्यवेक्षक के रूप शामिल रहे। मंच संचालन सुरेश कुमार ढांडा ने किया। चुनावी मीटिंग में विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से ओमसिंह खोखरी को प्रधान और गुरदेव सिंह को महासचिव चुना गया। शेष कार्यकारिणी गठन करने का अधिकार जिला प्रधान व जिला महासचिव को दिया गया। दिलबाग सिंह, रामकिशन हुड्डा, राजसिंह, किताबसिंह भनवाला, ओमसिंह सांगवान, कैप्टन सतवीर सिंह, कैप्टन महावीर सिंह, कर्णसिंह लोहान, पालाराम, सूबेदार नरेश कुमार, जगदीश पांचाल, होशियार सिंह नैन, धर्मवीर मलिक, यशपाल लोहान, राजपाल राठी, अजायब सिंह रेढ़ू, महावीर सिवाच मौजूद रहे।


**जींद।** नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते ईकाई सदस्य।

### नशे के प्रति जागरूक करने के लिए शुरू हुआ ड्रग फ्री इंडिया पखवाड़ा

**जींद।** हरियाणा पुलिस ने गृह मंत्रालय (एमएचए) के तहत नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के सहयोग से ड्रग फ्री इंडिया पखवाड़ा अभियान शुरू किया है। बुधवार से 26 जून तक चलने वाले अभियान का उद्देश्य नशा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। डीएसपी नरवाना अमित कुमार ने बताया कि 26 जून को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी से निपटने के सरकारी प्रयासों को उजागर करने और नशीली दवाओं के दुरुपयोग के गंभीर प्रभावों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बघने के लिए समर्पित है। इस मामले में जनता को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में शिक्षित करने के उद्देश्य से जिला पुलिस कार्यक्रमों की एक श्रृंखला शुरू करेंगी।

# योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कैंप संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल उचाना मंडी में चल रहा तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर बुधवार को सम्पन्न हुआ। 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर आयोजित योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर में सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। लगातार तीन दिन चलने वाले इस प्रोटोकॉल योग शिविर में योग संबंधित जानकारी एवं योग प्रोटोकॉल के बारे में विस्तृत जानकारी योग प्रशिक्षक कुलदीप श्योकंद ने दी। शिविर में यौगिक सूक्ष्म क्रियाओं में ग्रीवा संचालन, घुटना संचालन, योगासनों में ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन बैठकर करने वाले अभ्यासों में भद्रासन,वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, शशांकासन, मंडूकासन, वक्रासन पेट के बल लेटकर करने वाले अभ्यासों में सेतुबंध, उत्तानपादासन, अर्ध हलासन, पवनमुक्तासन, शवासन प्राणायाम के अभ्यासों में कपालभाति, नाड़ी शोधन, शीतली प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम इसके पश्चात ध्यान का अभ्यास शांति पाठ के साथ योग सत्र का समापन किया। आयुर्वेदिक डॉ. कृष्ण श्योकंद, मा. रामप्रसाद, स'जन, रणबीर आदि मौजूद रहे।


**उचाना।** शहर के कन्या स्कूल में आयोजित योग प्रोटोकॉल शिविर।


**सफीदों।** शिविर में मौजूद चिकित्सक, महिलाएं व संस्था के पदाधिकारीगण।

### भाविप ने अनीमिया मुक्त भारत के तहत लगाया जांच कैंप

**सफीदों।** भारत विकास परिषद सफीदों शाखा द्वारा उपमंडल के गांव पाजु कलां में अनीमिया मुक्त भारत के तहत एक निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष डा. नरेश वर्मा ने की। वहीं मुख्यातिथि के तौर पर समाजसेवी अरुण खर्ब ने शिरकत की। इस अवसर पर गांव में पौधारोपण अभियान भी चलाया गया। इस अभियान के तहत अनेक फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस जांच शिविर में डा. सोनिया लांबा, डा. नवदीप दूहन व डा. अजय मेहरा ने महिलाओं को अनीमिया की पहचान, लक्षण, कारण व निवारण हेतु विस्तारपूर्वक बतलाया और उन्हे संतुलित आहार, आयरन युक्त भोजन, दुध, गुड़, चना, गाजर, पालक, चुकंदर का सेवन करने के बारे में सलाह दी गई। शिविर में 102 छात्राओं व महिलाओं का अनीमिया हेतु हिमोग्लोबिन जांचा गया। इस जांच में महिलाओं में हिमोग्लोबिन काफी कम पाया गया। जिस पर छात्राओं व महिलाओं को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। इस मौके पर जसबीर मलिक, संजीव पुंडीर, विनय खर्ब, संजय जांगड़ा, श्याम स्वामी आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस सरकार ने 100-100 गज के प्लाटों के नाम पर किया था धोखा : कर्मवीर सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कान्फेड चेयरमैन एवं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कर्मवीर सैनी ने कहा कि गरीब लोगों को 100-100 गज के प्लाट देने के नाम पर कांग्रेस ने धोखा किया था। अब भाजपा सरकार लोगों का यह सपना पूरा कर रही है। प्लाट लेकर लोग अपना आशियाना बना सकते हैं। वहीं सरकार द्वारा लगाए जा रहे समाधान शिविर भी लोगों की समस्याएं दूर करने में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। कर्मवीर सैनी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने गरीबों का हक छीनकर इस योजना को लगभग बंद ही कर दिया था। भाजपा सरकार ने फिर से लोगों की भलाई के लिए 100-100 गज के प्लाट देना शुरू कर दिया है। एक ही दिन में सात हजार से अधिक लोगों को प्लाटों की रजिस्ट्री तथा कब्जा पत्र सौंपे गए। इससे गरीब लोगों को घर मिलने का रास्ता साफ हो गया है। सरकार हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है। सैनी ने कहा कि इसी प्रकार मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रतिदिन अधिकारियों को सुबह नौ बजे से 11 बजे तक खुला दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं हल करने के निर्देश दिए हैं। समाधान शिविरों के नाम से लगाए जा रहे यह खुले दरबार लोगों की हर प्रकार की समस्या निपटा रहे हैं। कोई भी व्यक्ति परिवार पहचान पत्रए प्रोपर्टी आईडीए पेंशन से संबंधितए जमीन से संबंधित कोई भी समस्या होए इस समाधान शिविर में रख सकता है। उसकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। लोगों को अलग-अलग अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर काटने से भी छुटकारा मिल गया है। सैनी ने कहा कि नायब सैनी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल की नीतियों पर चल रहे हैं और जनता की हर समस्या का समाधान करने में जुटे हैं।




**उचाना।** गली से रजबाहा रोड पर जाता वाहन चालक।

### गली से रजबाहा रोड पर जाते समय हादसों का भय

**उचाना।** टेलीफोन एक्सचेंज के पास वाले वार्ड नंबर छह से रजबाहा रोड पर गली के रास्ते जाने वाला रास्ता हादसों का कारण बन रहा है। यहां गली का लेबल सड़क से काफी नीचा होने के साथ-साथ गली से रजबाहा रोड पर जाने वाले वाहन चालक को कुछ दिखाई नहीं देने से हादसा का डर रहता है तो रजबाहा रोड से गली में आते समय वाहन की स्पीड ऊंचाई के चलते अधिक होने पर भी हादसा होने का डर बना हुआ है। यहां पर वाहनों का आवागमन रोकने की मांग कालोनी के लोगों ने की है। गली में वाहनों का आवागन बढ़ने से भी गली में खेलने वाले बच्चों को लेकर अभिभावकों में डर बना रहता है। आकाश, मुकेश, धीरा ने कहा कि रजबाहा रोड से गली का लेबी काफी नीचा होने के चलते वाहन चालकों को परेशानी होती है। ऐसे में हादसा का डर भी रहता है। गली में खेलने वाले बच्चों को भी गली में से वाहनों की संख्या अधिक आवागन में होने के चलते हादसे का डर रहता है।

## अखिल भारतीय अग्रवाल समाज की महिला विंग ने लगाया शिविर

# 100 से अधिक व्यक्तियों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय अग्रवाल समाज जिला जींद की महिला विंग द्वारा बुधवार को विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में अग्रवाल धर्मशाला अर्बन स्टेट मरक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल के सानिध्य में महिला विंग की संचालिका पुष्पा अग्रवाल, अध्यक्ष डेजी जैन, उपप्रधान मंजू सिंगला इत्यादि की देखरेख में किया गया। इस शिविर में 100 से 'यादा रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर में समाजसेवी डा. कामिनी आशरी मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित हुई। मंच संचालन रामधन जैन द्वारा किया गया।

मुख्यअतिथि डा. कामिनी आशरी ने कहा कि अग्रवाल समाज के महिला विंग द्वारा का जो यह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है, उसके लिए अग्रवाल समाज की पूरी संस्था बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि बड़ी खुशी की बात है कि आज का यह रक्तदान शिविर महिलाओं को समर्पित है। आज के इस रक्तदान शिविर में इतनी महिलाओं की संख्या देखकर वे गदगद हो रही है। महिलाओं में रक्तदान शिविर को लेकर आज इतना जो जनून देखने को मिला है उसके लिए सभी महिलाएं बधाई की पात्र है।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम का आयोजन भी महिलाओं ने किया है और रक्तदान देने के लिए भी महिलाएं आगे आई है। अग्रवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार गोयल ने कहा कि पिछले लम्बे समय में से उनकी सोच थी कि जींद में एक ऐसे कैम्प का आयोजन किया जाए जिसमें पुरूषों के साथ-साथ महिलाएं भी 'यादा से 'यादा संख्या में रक्तदान शिविर में भाग लेने आए। इसके लिए अग्रवाल समाज की महिला विंग की संचालिका पुष्पा अग्रवाल, अध्यक्ष डेजी जैन, उपप्रधान मंजू सिंगला इत्यादि के साथ शहर में जागरूकता अभियान चलाया गया। महिलाओं को रक्तदान के प्रति प्रेरित किया गया। महिलाओं की सोच थी कि रक्त देने से उन्हें चक्कर आ जाएंगे। अधिकतर महिलाओं में खून देने के नाम पर डर नजर आया। लगातार महिलाओं को जागरूक किया गया।


रक्तदाताओं के साथ डा. कामिनी आशरी, राजकुमार गोयल, पुष्पा अग्रवाल व अन्य पदाधिकारी।

# श्री श्याम कृपा सेवा समिति माह में दो बार लगाएगी जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

श्री श्याम कृपा सेवा समिति ने धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ अब सामाजिक कार्यों में भी अपने कदम बढ़ा दिए है। इसी कड़ी में संस्था ने महीने में दो दिन निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों के आयोजन का फैसला लिया है। यह जानकारी देते हुए संस्था के सचिव निशांत कंसल ने बताया कि संस्था द्वारा बाबा खाटू श्याम की असीम कृपा व आशिर्वाद से हर महीने की पहली व 15 तारीख को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में डा. रविंद्र शर्मा लोगों के स्वास्थ्य की जांच करके उन्हे उचित परामर्श देंगे। शिविर में लोगों के हर प्रकार के टैस्ट निःशुल्क किए जाएंगे तथा दवाईयां भी फ्री में दी जाएंगी। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि महीने के दोनों दिन इस शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें। सचिव निख्शांत कंसल ने बताया कि अभी कुछ दिन पूर्व ही संस्था ने पांचवे भव्य श्री श्याम वंदना महोत्सव का आयोजन किया था। अब संस्था नगर में सामाजिक कार्यों की श्रृंखला को भी आगे बढ़ाएगी।


**सफीदों।** श्री श्याम कृपा सेवा समिति के सचिव निशांत कंसल।

## खबर संक्षेप

### जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज

कैथल। पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में 14 व्यक्तियों को नामजद किया है। पहले मामले में गांव पोलड के लख्मी चंद ने सीवन थाना में शिकायत दी है कि उसका भतीजा रोशन चीका में काम करता है। 9 जून को गांव में मेला लगा था, जिसमें दुकानें लगी थी। वहां पर कैथल निवासी मंदीप, कांगथली निवासी संजू और पोलड निवासी शैंकी पीर वाले बाबा जिलेसिंह के कहने पर दुकानदारों की 500-500 रुपये की पर्चियां काट रहे थे।

### डेंगू, मलेरिया बचाव के प्रति किया जागरूक

कैथल। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से डेंगू व मलेरिया से बचाव को पूरी तरह से कमर कस ली है। विभाग द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया हुआ है। इस अभियान के तहत लोगों को डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया से बचाव को लेकर जानकारी दी जा दी है। किए गए सर्वे को लेकर अब तक तीन लाख 99 हजार घरों का सर्वे किया चुका है। 833 जगहों पर डेंगू का लार्वा मिलने पर नोटिस जारी किया गया है। बुधवार को शहर व गांव में यह अभियान चलाया गया।

### पुलिस ने चलाया नशा मुक्त भारत पखवाड़ा

कैथल। पुलिस द्वारा नशा मुक्त भारत पखवाडा अभियान चलाया है। यह अभियान 12 जून से 26 जून तक चलेगा। जिस पखवाड़े के दौरान पुलिस नशा तस्करों पर कडे वार करने के साथ साथ आमजन को नशा न करने के प्रेरित करेंगी। डीएसपी गुहला कुलदीप बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान एवं भविष्य की पीढ़ियों को नशा मुक्त समाज प्रदान करने के क्रम में हरियाणा पुलिस निरंतर प्रयासरत है।

### नेकी का घर संस्था द्वारा 40 वां रक्तदान शिविर 16 को

गुहला-चीका। गुहला चीका की अग्रणी संस्था नेकी का घर द्वारा दिन रविवार 16 जून को गांव भूंसला में 40 वां रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। जानकारी देते हुए संस्था के प्रधान हुक्म सिंह मैहला ने बताया कि संस्था सामाजिक कार्यों के साथ साथ रक्तदान कैंप लगाती रहती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करना बहुत ही पुण्य का कार्य है हर स्वस्थ व्यक्ति को 3 से 6 महीने में रक्तदान करना चाहिए।

## ड्रेनों व नदियों पर चल रहे बाढ़ बचाव के कार्य को समयबद्ध करें पूरा

# संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए रखें पूरी तैयारियां: उपायुक्त

### बाढ़ बचाव कार्य को लेकर डीसी प्रशांत पंवार ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल




कैथल। डीसी प्रशांत पंवार अपनी टीम के साथ बाढ़ बचाव प्रबंधों का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि मानसून सीजन में संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए संबंधित विभाग पूरी तैयारियां रखें। जितने भी कार्य बाढ़ प्रबंधन हेतू चल रहे हैं, उन्हें समयबद्ध पूरा करें। ड्रेनों की सफाई के कार्य में तेजी लाएं, ताकि पानी निकासी अच्छी तरह से हो सके और किसानों व आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो। इस मामले में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए।

डीसी प्रशांत पंवार ने गुहला, कैथल, कलायत व पूंडरी क्षेत्र में पड़ने वाली नदियों व ड्रेनों पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण करने के दौरान अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। डीसी ने अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ गुहला स्थित घग्घर साईफन व पटियाला साईफन पर चल रहे डी-सिल्टिंग कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 30 जून से पहले यह कार्य पूरा करना सुनिश्चित करें। घग्घर साईफन पर 40 लाख रुपये तथा पटियाला साईफन पर 22 लाख रुपये डी-सिल्टिंग कार्य पर खर्च किए जा रहे हैं। इसके बाद गांव टटियाणा स्थित घग्घर गेज प्वाईंट पर पहुंचे, जहां अधिकारियों से बाढ़ बचाव से संबंधित विस्तृत जानकारी हासिल की। सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा अवगत करवाया गया कि बाढ़ के दौरान यहां पर कंट्रोल रूम स्थापित किया जाता है, जो पानी गेज प्वाईंट की मोनिटरिंग की जाती है।

इसके बाद डीसी प्रशांत पंवार ने चक्कू लदाना स्थित पारा नदी पर करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए गेट (इन-लैट)का निरीक्षण किया, जहां पर किसानों ने इस कार्य को लेकर जिला प्रशासन की सराहना की। गेट न होने के कारण सरस्वती नदी का पानी बैक फ्लो करता था, जिसकी वजह से इस क्षेत्र की करीब 2500 एकड़ फसल खराब हो जाती थी। इस गेट के बन जाने से किसानों को काफी लाभ होगा।

डीसी ने कैथल स्थित नहरी विभाग की वर्कशॉप का दौरा किया और बाढ़ बचाव के दौरान उपयोग में लाने वाले मोबाईल डीजल पंप, मोबाईल इलैक्ट्रिक पंप सहित अन्य उपकरणों के बारे में जानकारी ली।

डीसी ने ग्योंग ड्रेन व अमीन ड्रेन स्थित बुस्टर प्वाईंट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्योंग ड्रेन व अमीन ड्रेन की सफाई करवाई जाए। डीसी प्रशांत पंवार ने कलायत स्थित पंप हाउस, अमीन ड्रेन, कपिल मुनि ड्रेन, सजूमा में पाईप लाईन बिछाने के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बंदराणा व जडौला स्थित करीब 250 एकड़ कृषि योग्य भूमि को बाढ़ से बचाने के लिए लगभग 2500 फुट की पाईप लाईन बिछाने व पंप हाउस बनाने का कार्य जारी है, जिस पर लगभग 50 लाख रुपये खर्च आएगा।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर अंडर ट्रेनिंग आईएएस अंकिता पुवार, एसडीएम कृष्ण कुमार, ब्रह्म प्रकाश, सत्यवान सिंह मान, अधीक्षक अभियंता मंगत राम गर्ग, डीआरओ चंद्र मोहन, ईओ कुलदीप मलिक, कार्यकारी अभियंता प्रशांत ग्रोवर, दिग्विजय सिंह, निशांत बत्तान, वरूण कंसल, गौरव कंसल, रवि ऑबराय, एसडीओ अजमेर सिंह, विकास गिरि के अलावा अन्य संबधित अधिकारी मौजूद रहे।

# 29वें भंडारे के लिए खाद्य सामग्री रवाना

### योगी सोमवार नाथ ने दिखाई हरी झंडी



पूंडरी। महंत योगी सोमवार नाथ द्वारा श्री अमरनाथ सेवा मंडल जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

- सनातन धर्म में सेवा ही सबसे उत्तम कर्म, मानव सेवा ही ईश्वर भक्ति है : योगी सोमवार नाथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पूंडरी

श्री अमरनाथ सेवा मंडल करनाल की शाखा पुंडरी की ओर से अमरनाथ की पवित्र गुफा पर आयोजित होने वाले 29 वें विशाल भण्डारे के लिए सामग्री को रवाना करने के लिए आज पुंडरी की सब्जी मंडी में एक कार्यक्त्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्त्रम की अध्यक्षता संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय सिंगला ने की। पूंडरी पहुंचने पर सेवा मंडल पूंडरी शाखा के प्रधान गगनदीप गर्ग व सदस्यों ने स्वागत किया। समारोह में मुख्य रूप से महंत योगी सोमवार नाथ, धूणा बाबा रामनाथ व शिव मंदिर पुंडरी ने शिरकत की और हरी झंडी दिखाकर भंडारे के काफिले को रवाना किया। इस दौरान मंच संचालन पंडित कविराज ने किया। पूजा अर्चना पंडित रविदत्त शास्त्री पुंडरी ने की। योगी सोमवार नाथ ने भगवान शिव शंकर की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके कार्यक्त्रम की विधिवत रूप से शुरुआत की। कार्यक्त्रम को में उपस्थित शिव भक्तों को संबोधित करते हुए योगी सोमवार नाथ ने कहा कि श्री अमरनाथ सेवा मंडल करनाल की पूरी टीम बधाई की पात्र है जो पिछले लगभग 30 वर्षो् से पवित्र गुफा के पास भंडारा लगाकर यात्रा में जाने वाले श्रद्धालुओं की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुंडरी शाखा की टीम भी समय-समय पर अनेक धार्मिक कार्यो् में बढ़कर भाग लेती है। योगी सोमवार नाथ ने बताया कि उन्हें भी कई बार श्री अमरनाथ यात्रा में जाने का अवसर मिला है। इस दौरान पंडित रविदत्त शास्त्री ने शिव भजन गाकर श्रद्धालुओं को भक्ति से जोड़ने का काम किया। इस मौके पर मार्किट कमेटी पुंडरी के सचिव गुलाब सिंह नैन, पुंडरी शाखा के प्रधान गगनदीप गर्ग, रणजीत पासवान, रामवीर शर्मा, जगदीश सैनी, हरिचंद सैनी, धर्मवीर सैनी आदि उपस्थित रहे।



### प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का समापन

कैथल। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी प्रतिभा भाटिया ने कहा कि महानिदेशक आयुष हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 की तैयारिया पूरे प्रदेश में जोरों पर है। जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग द्वारा जिले के 7 खंडों कैथल, कलायत, राजौंद, पुंडरी, ढांड, सीवन, गुहला में तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी एवं आयुष नोडल अधिकारी की देखरेख में आज संपन्न हुआ। इस योग शिविर में ब्लॉक स्तर के सभी विभागो के अधिकारी / कर्मचारी, पंच, सरपंच, आंगनवाड़ी कार्यकताअरं, आशा वर्कर एवं इच्छुक जनमानस को योग प्रोटोकॉल की ट्रेनिंग दी गई है। आगामी 19 जून को योग दिवस की पायलट रिहर्सल और जिला स्तर पर योग मैराथन एवं 21 जून को ब्लॉक एवं जिला स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। डॉ.प्रतिभा भाटिया ने बताया की 14 से 18 जून के मध्य जिले के गांव एवं वार्ड स्तर पर योग जागरण यात्रा निकाली जाएगी, जिसमे जिले की सामाजिक संस्थाओं का सहयोग लिया जाएगा। आयुष विभाग,शिक्षा विभाग, खेल विभाग, योग क्षेत्र में कार्य करने वाली सामाजिक संस्थाएं पतंजलि योग समिति, महिला पतंजलि योग समिति,भारत स्वाभिमान, युवा भारत, भारतीय योग संस्थान, आर्ट ऑफ लिविंग के साथ मिलकर योग के प्रति जनमानस में जागरूकता उत्पन्न हो, इसी उद्देश से योग जागरण का आयोजन किया जाएगा।

# युवक के साथ मारपीट करने पर जताया रोष

- एसपी से मिले हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी
- एसआईटी का गठन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल



कैथल। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी प्रेस को जानकारी देते हुए।

सिख समाज के युवक को खालिस्तानी कहते हुए उसके साथ मारपीट के मामले में आरोपियों की गिरफ्तार न होने पर सिख समाज में रोष है। इस मामले में बुधवार को हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों ने मंजी साहिब गुरुद्वारा में बैठक की। बैठक में कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपेंद्र सिंह असंध पहुंचे। बैठक के दौरान फर्नीचर शोरूम संचालक सुखविंद्र सिंह की जान बचाने वाले राजू पाई को सिरोपा भेंट कर सम्मानित भी किया गया। कमेटी के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि पुलिस ने जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की तो वे सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होंगे। यही नहीं, इस प्रदर्शन में केवल सिख समाज ही नहीं, बल्कि सभी समाज के लोग शामिल होंगे। कमेटी प्रधान जत्थेदार भूपेंद्र सिंह असंध ने कहा कि कुछ शरारती तत्वों के कामों से भाईचारा बिगड़ने की कोशिश की जाती है। सिख समाज ऐसी कोशिश बिल्कुल भी नहीं होने देगा। सिख समाज के युवक सुखविंद्र सिंह पर धार्मिक ठेस पहुंचाने की नियत से हमला किया गया है। यह काफी निंदनीय है। इस घटना से न केवल सिख समाज, बल्कि हर उस शांतिप्रिय व्यक्ति को ठेस पहुंची है जो देश व प्रदेश में भाईचारा कायम रखना चाहता है। असंध ने कहा कि पुलिस ने हमले के बाद केस दर्ज करने में भी काफी देर करदी।

#### यूं था मामला

कैथल के करनाल रोड पर सोमवार देर रात फर्नीचर शोरूम संचालक को खालिस्तानी कह उस पर ईंटों से हमला कर दिया। यह शोरूम संचालक सुखविंद्र सिंह रात के समय करनाल रोड से बस स्टैंड की तरफ जा रहा था, तो रेलवे फाटक के पास दो युवकों ने उसे ईंटे मार दी। ईंटे मारने के बाद युवक मौके से ही भाग गए। हमले के बाद शोरुम संचालक सुखविंद्र सिंह बूरी तरह से घायल हो गया। इसके बाद उसे जिला नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया थी। पीड़ित युवक का इलाज तारी है। पुलिस ने आरोपी युवकों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी गठित कर दी। इसके साथ ही आरोपियों की जानकारी देने वाले व्यक्ति को 10 हजार रुपये के ईनाम देने की भी घोषणा की है।

### गीले व सूखे कचरे को अलग अलग करना चाहिए

राजौंद। नगर पालिका सचिव नरेंद्र शर्मा के आदेशानुसार सुगम स्वच्छता के ट्रेनर्स की टीम द्वारा दो रंग कार्यकर्म आयोजित किया गया। इस दौरान टीम ने वार्ड 7 व 10 में लोगों जानकारी दी एवं लोगों को जागृत किया और गीले व सूखे कचरे की जानकारी दी। टीम सदस्यों ने बताया कि यदि गीले व सूखे कचरे को एकत्रित कर के मिटटी में मिलाया जाता है तो मिट्टी की उर्वरक क्षमता समाप्त हो जाती है। यदि उसे जल में मिलाया जाए तो जलीय जीव नष्ट हो जाते हैं और जल परदूसित होगा यदि इसे आग लगा कर जलाया जाए तो वायु प्रदूषण होगा, जिससे सांस लेने में दिक्कत और अन्य गंभीर बीमारियो का खतरा हो जाता है,इसलिए गीले व सूखे कचरे को अलग अलग करना चाहिए। उन्होंने बताया की फलों के छिलके सब्जी के छिलके व अन्य गलनसील पदार्थ जो हमें प्रकृति से मिलते है। हरे रंग के डस्टबिन में डालना चाहिए प्लास्टिक पॉलीथिन आदि मानव निर्मित वस्तुएं हैं इस कचरे को नीले डसबीन में डालना चाहिए।



# धरतीपुत्रों को ड्रोन चलाने और उपयोग से होने वाले लाभ बताए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुहला-चीका



गुहला चीका : कम्पनी द्वारा प्रदर्शित ड्रोन एवं कैंप में उपस्थित किसान

आज यहां गुहला भाजपा के पूर्व विधायक के निवास पर आधुनिक ड्रोन विधि सिखाने के लिए एक कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में सैकड़ों किसानों ने भाग लिया और ड्रोन उड़ाने व अन्य गतिविधियों की जानकारी हासिल की। कम्पनी के अधिकारी विपिन शर्मा ने किसानों को ड्रोन चलाने व इसके उपयोग से होने वाले लाभ बारे बताया। उन्होंने बताया कि यदि स्प्रे का काम कोई किसान या मजदूर करे तो कई बार छिड़के जाने वाले कुछ रसायन जहरीले होते हैं और वे जान तक ले लेते हैं परंतु ड्रोन से किया जाने वाला स्प्रे पूरी तरह से सुरक्षित होता है। शर्मा ने बताया कि ड्रोन से छिड़काव करने पर फसल का झाड़ भी ज्यादा निकलता है क्योंकि जब लगभग पकी हुई फसल पर छिड़काव किया जाता है तो पांवों के नीचे दबकर काफी फसल टूट जाती है और झाड़ कम निकलता है। उन्होंने बताया कि ड्रोन से पानी भी छिड़ककर किसान काल्पनिक बरसात की तरह भी प्रयोग कर सकते हैं।

# योग जागरण यात्रा निकाली जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजौंद



राजौंद। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रशिक्षण लेते हुए प्रतिभागी।

राजौंद में तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर कश्यप एवं आयुष नोडल अधिकारी की देखरेख में बुधवार को संपन्न हो गया। योग शिविर में ब्लॉक स्तर के विभागो के अधिकारी, कर्मचारीयों, आंगनवाड़ी कार्यकताअरं, आशा वर्कर एवं इच्छुक जनमानस को योग प्रोटोकॉल की ट्रेनिंग दी गई है। आगामी 19 जून को योग दिवस की पायलट रिहर्सल और जिला स्तर पर योग मैराथन एवं 21 जून को ब्लॉक एवं जिला स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। डॉ.प्रतिभा भाटिया ने बताया की 14 से 18 जून के मध्य जिले के गांव एवं वार्ड स्तर पर योग जागरण यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें जिले की सामाजिक संस्थाओं का सहयोग लिया जाएगा। आयुष विभाग,शिक्षा विभाग, खेल विभाग, योग क्षेत्र में कार्य करने वाली सामाजिक संस्थाएं पतंजलि योग समिति, महिला पतंजलि योग समिति,भारत स्वाभिमान, युवा भारत, भारतीय योग संस्थान,आर्ट ऑफ लिविंग के साथ मिलकर योग के प्रति जनमानस में जागरूकता उत्पन्न हो इसी उद्देश से योग जागरण का आयोजन किया जाएगा।

### संविधान और लोकतंत्र की लड़ाई लड़ती रहेगी आप: कृष्णानंद कौल



पूंडरी। सांसद डा. संदीप पाठक के साथ वरिष्ठ नेता स्वामी कृष्णानंद सरस्वती कौल।

पूंडरी। आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव स्वामी कृष्णानंद सरस्वती कौल ने कहा कि आप प्रदेश के लोगों के साथ संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए लड़ती रहेगी। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री वर्तमान में रा'यसभा सांसद डा. संदीप पाठक से मुलाकात करने के पश्चात पूंडरी कार्यालय में बातचीत करते हुए उन्होंने कहा भाजपा ने युवाओं को रोजगार और किसानों को एम.एस.पी. सहित क र्मचारियों को काम के अनुसार वेतन, अतिथि अध्यापकों और कच्चे कर्मचारियों को स्थायी रोजगार, पहलवान खिलाड़ियों पर अत्याचार का ही परिणाम है कि लोगों ने भाजपा को पूर्ण बहुमत से दूर कर दिया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने की पुरजोर तैयारियों में है जो जल्द ही युद्ध स्तर पर विधानसभा की लड़ाई लड़ने के लिए मजबूती से खड़ी होगी।

### दादुवाल ने किया छटी एवं नौवीं पातशाही गुरुद्वारा चीका का निरीक्षण

गुहला-चीका। आज यहां एचएसपीसी के पूर्व प्रधान बलजीत सिंह दादुवाल ने यहां सुप्रसिद्ध छटी एवं नौवीं पातशाही गुरुद्वारा साहब चीका का अचानक निरीक्षण किया और उनके समय में शुरू की गई व वर्तमान में चल रहे कार्यों की समीक्षा की। इस मौके पर दादुवाल को गुरुद्वारा स्टाफ के सभी सदस्यों ने मिलकर सम्मानित भी किया। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कल कैथल मे शरारती तत्वों द्वारा एक सिख को खालिस्तानी कहने व उसके साथ मारपीट करने की भी निन्दा की और कहा कि सरकार को ऐसे अवांछित तत्वों पर निगाह रखनी चाहिए ताकि उनको समय से पहले ही काबू किया जा सके।

## शिविर में आई 116 शिकायतें, 36 का किया मौके पर निपटान

# समाधान शिविर के दौरान सुनीं लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल



कैथल। एसपी और एडीसी समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए। फोटो :हरिभूमि

एसपी उपासना व एडीसी सी.जया श्रद्धा ने लघु सचिवालय स्थित आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों को सुना। शिविर में 116 शिकायतें आई, जिनमें से 36 शिकायतों का मौके पर ही निपटान किया गया व अन्य शिकायतों को लेकर संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का जल्द से निपटान करने के निर्देश दिए।

एडीसी सी.जया श्रद्धा ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला में समाधान शिविर आयोजित करके आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। कुछ ऐसी समस्याएं व शिकायतें होती है, जिनका मौके पर समाधान करना संभव नहीं होता। इसको लेकर संबंधित अधिकारियों को जांच करके जल्द समाधान करने के निर्देश दिए जाते हैं। शिविर के दौरान लगभग 50 समस्याएं परिवार पहचान पत्र से संबंधित आई, जिसमें से 32 का मौके पर ही निपटान कर दिया गया। इसके अलावा पुलिस विभाग, प्रोपर्टी आईडी, बिजली, सिंचाई, पब्लिक हैल्थ, राशन कार्ड, पैंशन से संबंधित शिकायतें आई। एडीसी सी.जया श्रद्धा ने कहा कि सरकार द्वारा आमजन के सहयोग के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाकर सीधा लाभ प्रदान किया जा रहा है। आम नागरिक को अगर कोई परेशानी आती है तो जिला प्रशासन का पूर्ण प्रयास होता है कि समाधान शिविरों के माध्यम से शिकायतों एवं समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो। शिकायतों का संबंधित अधिकारियों के माध्यम से समाधान करवाया जाता है।



पूंडरी। कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर जेपी नड्डा को बधाई देती अनिता चौधरी साथ में वीएस चौधरी। फोटो :हरिभूमि

### मोदी ने लिया किसानों के कल्याण के लिए बड़ा फैसला: अनिता

पूंडरी। भाजपा महिला जिलाध्यक्ष अनिता चौधरी डुलयानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते ही किसानों के हितों को लेकर बड़ा फैसला लिया हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पी.एम किसान निधी की 17वीं किस्त जारी करने से संबंधित फाइल पर हस्ताक्षर किए हैं जिससे देश के किसानों के लिए लगभग 20,000 हजार करोड़ रूपए वितरित किए जाएंगे। जे.पी. नड्डा को केंद्रीय कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर नड्डा को दिल्ली में बधाई देने के पश्चात यहां बातचीत करते हुए अनिता चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों के लिए बड़ा फै सला लेना यह दर्शाता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश व प्रदेश के किसानों की बड़ी चिंता करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश व प्रदेश के किसानों की आय को दौगुनी करना चाहते हैं। नरेंद्र मोदी देश के हर वर्ग के सपनों को साकार करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पात्र परिवारों को आशियाना देने का भी काम करेंगे। पिछले 10 वर्षों में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता से किए गए वायदों से भी ज्यादा विकास कार्य करवाए हैं।


### न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार जीन्द

श्रीमती राज सैनी पत्नी स्व. श्री प्रकाश चन्द सैनी पुत्र श्री रामचन्द्र निवासी अजमेर बस्ती भिवानी रोड जींद तहसील व जिला जींद ।

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी के पति प्रकाश चन्द सैनी एक जायदाद मकान रकबा 170 वर्गगज प्रोपर्टी आईडी नम्बर 3KHHEVR6 वाका रकबा शेर सिंह कालोनी हाल अजमेर बस्ती जींद के मालिक बरूए वसीका बयनामा नम्बर 357 दिनांक 24-06-2068 व हिब्बानामा नम्बर 7884 दिनांक 24.03.2006 थे जिनका स्वर्गवास दिनांक 29-10-2017 को व उनकी माता श्रीमति माया देवी का स्वर्गवास दिनांक 15-04-2017 को होने के उपरान्त एक वसीका ट्रान्सफर डीड पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया है जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पति व उनकी माता के स्वर्गवास के बाद अब प्रकाश चन्द के अब निम्न कानूनी वारिस हैं:-
1- राज सैनी पत्नी व 2 सुनील सैनी पुत्र है
इनके इलावा मृत्तक का अन्य कोई वारिस / उताराधिकारी नहीं है। (वारिसान की प्रति साथ सलंग्न है) जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने एक शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृत्तक के बताये गये वारिस / उताराधिकारी के बाबत किसी को कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से इस इश्तहार / नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अन्दर इस कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में दफ्तर टाईम में अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर वसीका पंजीकृत कर दिया जाएगा।
यह नोटिस आज दिनांक 17-05-2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया है।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब- रजिस्ट्रार, जीन्द।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर ट्राली नाले में धंसी बाल-बाल बचा चालक

**राजौंद।** राजौंद के जींद मार्ग पर स्थित अंबेडकर भवन के पास ट्रैक्टर ट्राली नाले में धसने से बाल-बाल बचा ट्रैक्टर चालक। जानकारी के अनुसार चालक ने बताया कि उसने अपनी इंटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली जींद रोड पर स्थित अंबेडकर भवन के पास खड़ी की हुई थी।

### विधायक ने मनोहर लाल से भेंट करके दी बधाई

**नरवाना।** नरवाना विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोहर लाल को केंद्र सरकार में ऊर्जा व शहरी स्थानीय निकाय मंत्रालय में कैबिनेट मंत्री का पद दिए जाने पर नई दिल्ली में भेंट करके बधाई दी। यह मुलाकात विधायक रामनिवास के भाजपा में नजदीकियों व केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल के बीच गहरी नजदीकियां दर्शाती हैं।

### चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित अपराधी काबू

**कैथल।** चैक बाउंस के मामले में कार्यवाही करते हुए पी.ओ. स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश सिंह की अगुवाई में एएसआई रणदेव सिंह की टीम द्वारा आरोपी माता गेट कैथल निवासी सतनाम सिंह को गिरफ्तार किया गया। जो वर्ष 2019 दौरान चेक बाउंस मामले में माननीय अदालत द्वारा 21 मार्च 2024 को पीओ घोषित किया गया था।

### पीएफ की राशि नहीं मिलने पर की शिकायत

**सफीदों।** सिक्योरिटी गार्ड का कार्य करने वाले एक व्यक्ति को कंपनी द्वारा पीएफ ना देने का मामला सामने आया है। पीड़ित सिक्योरिटी गार्ड गांव अंटा निवासी राम सिंह ने इस संबंध में सीएम नायब सैनी को शिकायत की है। राम सिंह ने बताया कि चण्डीगढ़ की एक सिक्योरिटी कंपनी के तहत सफीदों में हैफेड के गोदाम पर सिक्योरिटी गार्ड के पद पर तैनात था।

### पुरानी पेंशन बहाल नहीं करने पर रोष : राणा

**नरवाना।** बुधवार को हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन रजि नण 492 संबंधित सर्वकर्मचारी संघ हरियाणा राज्य महासचिव दलेल सिंह राणा ने प्रैस के माध्यम से बताया कि पिछले 10 वर्षोर् में हरियाणा सरकार की तरफ से विभागों में लम्बे समय से लगे कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की सरकार ने कोई नीति नहीं बनाई।

### आज से शुरू हुआ शराब ठेकों का नया सत्र

**जींद।** जिले में बुधवार से शराब ठेकों का नया सत्र शुरू हो गया है। इस बार जिले के 292 गांवों में इस बार शराब के ठेके खुलेंगे। 300 में से केवल तीन ग्राम पंचायत ही शराबबंदी करवा पाई है। पांच गांवों में गुरुकुल हैं, इसलिए वहां शराब का ठेका नहीं खुल सकता। शराब ठेकों के 30 जोन की नीलामी हो चुकी है और 20 जोन की नीलामी बाकी है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के सत्र में शराबबंदी के लिए आठ ग्राम पंचायतों ने प्रस्ताव पास कर आबकारी एवं कराधान विभाग के पास भेजे थे। सारी जानकारी पहले ही भेजी जा चुकी है।

## जम्मू-कश्मीर में मारे गए तीर्थ यात्रियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की

# विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने फूंका आतंकवाद का पुतला

रियासी में आतंकवादी हमले में मारे गए हिंदू तीर्थ यात्रियों के हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





**जींद।** आतंकवाद का पुतला फूंकते हुए व आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए बजरंग दल कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

विश्व हिंदू परिषद के युवा संगठन बजरंग दल के आह्वान पर बुधवार को लघु सचिवालय पर रियासी में आतंकवादी हमले में मारे गए हिंदू तीर्थ यात्रियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवाद के खिलाफ महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। इससे पहले अग्रवाल धर्मशाला के बाहर आतंकवाद का पुतला भी फूंका गया। ज्ञापन सौंपने से पहले बजरंग दल जिला संयोजक महावीर बिरौली ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में धार्मिक यात्रा पर निकले हिंदू श्रद्धालुओं पर माता वैष्णो देवी कटरा से शिवखोड़ी दर्शन को जाते समय गत नौ जून को इस्लामिक जेहादी पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों ने घात लगाक र शिव खोड़ी के निकट बस के ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी कर बस चालक सहित 10 तीर्थ यात्रियों की हत्या कर दी। जिससे देशभर में भारी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश भारत झेल रहा है। धारा 370 हटने के बाद एक आशा की 'योति जगी है लेकिन लगता है उग्रवादियों का मनोबल अभी कम नही हुआ है। हिंदुओं को चिन्हित करके उनकी हत्या की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि जम्मू-कश्मीर में हिंदुओं की सुरक्षा कासमुचित प्रबंध किया जाए। जिलाध्यक्ष सुशील सिंगला ने कहा कि इस प्रकार हमारे श्रद्धालुओं और धार्मिक यात्रा पर निकले हुए मासूम लोगों और मासूम बच्चों पर जिस प्रकार कायराना हमला किया गया है, वो किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही किया जाएगा। जम्मू-कश्मीर में हमारे बहुत पौराणिक धार्मिक स्थल हैं। जिसमें कि देश और विदेश से यात्री धार्मिक आस्था मनोकामना के लिए जाते हैं। परंतु जिस प्रकार आतंकवादी हमले हो रहे हैं, इस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसा करे कि ऐसी घटनाएं दोबारा से न हों। इस मौके पर बजरंग दल प्रदेश सहसंयोजक हरीश रामकली, प्रमोद गौतम, नवीन जैन, दीप्ति मित्तल, विशाल, भरत, बबीता गोयल, रीमा मित्तल, सरोज गर्ग, दर्शन गौतम, शशि बत्तरा, किरण गोयल, मंजू सिंगला, अतर सिंह, सुरेश सांगवान, जितेंद्र करसोला, विकास, दिनेश शर्मा, सुशील शर्मा, देवेंद्र अनेजा, गोपाल, सुनील सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।





### भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर भाकियू ने किया प्रदर्शन

**जींद।** भारतीय किसान यूनियन के आह्वान पर बुधवार को भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ कार्रवाई और सीआईएसएफ जवान कुलविंद्र कौर के समर्थन में प्रदर्शन किया और महमहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। भाकियू युवा प्रदेशाध्यक्ष रवि आजाद ने कहा कि भाजपा सांसद कंगना रनौत आए दिन किसानों के खिलाफ बयानबाजी करती रहती हैं। उनके इन बयानों से पूरा देश आहत है। चंडीगढ़ एयरपोर्ट की घटना के बार कंगना रनौत ने पंजाब को उग्रवादी कहा, जो देशद्रोह की श्रेणी में आता है। बावजूद इसके कंगना रनौत के खिलाफ न तो कोई मुकद्दमा दर्ज हुआ और न ही उनके खिलाफ कोई कार्रवाई की गई। वहीं जब सीआईएएसफ जवान कुलविंद्र कौर ने आवाज उठाई तो उन्हें सस्पेंड कर दिया याग। अगर कानून अपना काम करता तो यह नौबत ही नही आती।



### बीडीपीओ कार्यालय में लगाया गया समाधान शिविर

**गुहला-चीका।** यहां बीडीपीओ कार्यायल चीका समाधान शिविर लगाया गया, जिसकी अध्यक्षता एस.डी.एम. गुहला कृष्ण कुमार ने की। उन्होंने शिविर में आने वाले लोगों की समस्याओं को सुना। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि शिविर में 100 से ज्यादा शिकायतें आई, जिनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निपटा दिया गया परंतु जो शिकायतें मौके पर नहीं निपटाई जा सकी उन्हें हल करने के लिए संबंधित अधिकारियों को जल्द से निपटान करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार जिला में समाधान शिविर आयोजित करके आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ ऐसी समस्याएं व शिकायतें होती है, जिनका मौके पर समाधान करना संभव नहीं होता। इसको लेकर संबंधित अधिकारियों को जांच करके जल्द समाधान करने के निर्देश दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान पब्लिक हैल्थ, राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र, पुलिस विभाग, प्रोप्टर्ी आई.डी., बिजली, सिंचाई, व पैंशन से संबंधित शिकायतें आई।

## सर्व कर्मचारी संघ ने उपमंडल अधिकारी गुहला के खिलाफ गेट मीटिंग की

- फील्ड और पॉवर हाउस में स्टाफ की बहुत कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



बिजली निगम की ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ ने उपमंडल अधिकारी गुहला के खिलाफ गेट मीटिंग की। जिसमें ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन यूनियन के राज्य सचिव अभिषेक शर्मा और केंद्रीय कमेटी परिषद के सदस्य बलजिंदर सीडा जी भी उपस्थित रहे। आज की गेट मीटिंग की अध्यक्षता सब यूनिट गुहला प्रधान सुदर्शन कुमार और मंच का संचालन सचिव वीरेंद्र कुमार ने किया। उन्होंने अपना बयान जारी करते हुए कहा है कि उपमंडल अधिकारी गुहला के द्वारा टेक्निकल स्टाफ को दफ्तर के अंदर बिठाया हुआ है जबकि फील्ड और पॉवर हाउस में स्टाफ की बहुत कमी है। जो टेक्निकल कर्मचारी भर्ती किए जाते हैं वह टेक्निकल काम के लिए किए जाते हैं लेकिन अधिकारियों द्वारा अपने चहेतों को उनकी पोस्ट के अनुसार ड्यूटी ना करवा कर उनसे दफ्तर का काम करवाया जाता है पोस्ट सब की एक ही है लेकिन काम सबसे अलग अलग लिया जाता है एक लाइनमैन तो फील्ड में गर्मी में 45 डिग्री तापमान मे खम्बों पर चढ़कर काम करता है और दूसरी तरफ एक लाइनमैन दफ्तर में पंखों और अउ के नीचे बैठकर आराम से अपनी ड्यूटी करता है। आज की गेट मीटिंग में यूनिट प्रधान गुरमीत रंगा, यूनिट उप प्रधान श्याम लाल, यूनिट सचिव राकेश कुमार यूनिट कैशियर संदीप सीडा,सर्व कर्मचारी संघ ब्लाक गुहला के सचिव संदीप सैनी धर्मवीर सीडा आदि मौजूद रहे।

## सीवन में गलियों के निर्माण के लिए खोले गए टेंडर

- जल्द होंगे विकास कार्य आरंभ : कुलवंत बाजीगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन



**सीवन।** सीवन में कार्यक्रम में बोलते हुए पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर।

सीवन मेरा अपना गांव है और सीवन का विकास मेरा पहला कार्य है। सीवन को मैं छोड़ नहीं सकता हूं। सीवन की सभी गलियों को बहुत ही जल्द ठीक करवाया जाएगा जो सीवरेज के बाद खराब हो गई थी। साथ ही जो गलियां कच्ची हैं उनका कार्य भी आरंभ करवाया जाएगा। सीवन के रुके हुए सभी विकास कार्य जल्द ही पूरे करवा दिए जाएंगे। जिस भी व्यक्ति को कोई भी काम है वह आ कर मुझसे मिल सकता है। उपरोक्त विचार पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कुलवंत बाजीगर ने सीवन में पत्रकारों से बात करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सीवन के विकास के लिए कई टेंडर आज खुलवाए गए हैं। इन पर 1-2 दिन में काम आरंभ हो जाएगा। नगर के मु य मार्ग से सोसायटी बैंक से पटवार भवन रोड निर्माण का टेंडर भी खुल गया है और इसके साथ ही अन्य कई गलियों के टेंडर भी खुल गए हैं। गुगा माड़ी के पास गलियों की मर मत के लिए 24 लाख रुपये का टेंडर, ज्ञान शर्मा से शिव वर्मा के मकान तक गली निर्माण का 12 लाख रुपये का टेंडर, साईं धाम कालोनी में गली निर्माण के लिए 25 लाख रुपये का टेंडर, फिरोजपुर रोड से कमल शर्मा तक गली निर्माण का सवा 4 लाख रुपये का टेंडर, मेंन सड़क से राम चन्द्र के घर तक गली निर्माण का लगभग 12 लाख रुपये का टेंडर, मेन रोड से हितेश सरदाना के मकान तक का गली निर्माण का 17 लाख रुपये का टेंडर, मेन गली से कृपाल सिंह के घर तक व मेन रोड से सतपाल के घर तक व फिरोजपुर रोड से जसपाल के घर तक गली निर्माण का करीब 7 लाख रुपये का टेंडर हो चुका है। उन्होंने बताया कि उन्होंने खुद नगर पालिका कार्यालय में पहुंच कर टेंडर खुलवाए हैं और इन पर काम जल्द आरंभ करवाने के निर्देश भी दिए हैं। इसके अलावा भी कई टेंडर पास हुए हैं। जो भी गलियों व सड़कों के निर्माण कार्य बाकी हैं उनके बारे में सीवन निवासी उन्हें जानकारी दें उन पर भी बहुत ही जल्द कार्य आरंभ करवा दिया जाएगा। इस अवसर पर दर्शन मुंजाल, हितेश सरदाना, गितांश, श्याम सुन्दर आहुजा व अन्य मौजूद थे।

### सरकार गरीब परिवारों को 100-100 गज के प्लॉट देने का कर रही ड्रामा : रमेश चंद्र

**जींद।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रमेश चंद्र ने कहा किदस साल पहले प्रदेश में गरीब परिवारों को 100-100 गज के प्लाट अलॉट हुए थे। इन प्लाटों की रजिस्ट्रियां लेकर ये लोग स्थानीय प्रशासन व हरियाणा सरकार के दरवाजे खटखटा रहे हैं लेकिन हरियाणा की भाजपा सरकार ये कह कर अपना पल्ला झाड़ रही थी कि खैरात दिलाने का काम भाजपा की सरकार नही करती है।

इस बात से प्रदेश की जनता में भाजपा के खिलाफ भारी रोष था। जिसका नुकसान भाजपा को लोकसभा चुनाव में हुआ है और हरियाणा की 46 विधानसभा सीटों पर हार का सामना करना पड़ा है। जनता ने भाजपा को आइना दिखा दिया।

## कांग्रेस का वोटरों से संपर्क बनाए रखने की पहल

- विधानसभा चुनाव में मात्र तीन माह का समय बाकी, चुनाव प्रचार रखना है जारी : बृजेंद्रसिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



**नरवाना।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए । *फोटो : हरिभूमि*

बीती सायं सुरजेवाला भवन में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता चौधरी बृजेंद्रसिंह सुरजेवाला की अध्यक्षता में शहर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई। बैठक में शनिवार को एसडी महिला कालेज में प्रस्तावित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय नेता रणदीपसिंह सुरजेवाला व सांसद कुमारी सैलजा के पहुंचने पर भव्य स्वागत करने पर चर्चा की गई। इससे एक दिन पहले ग्रामीण जोनों के इंजाचोंर् की बैठक भी हुई थी। बृजेंद्रसिंह सुरजेवाला ने बताया कि दोनों नेता कार्यकर्ताओं का चुनाव में किए कार्य के लिए धन्यवाद करने पहुंच रहे हैं। नप के पूर्व प्रधान भारतभूषण गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनेगी। कांग्रेस के 80 प्रत्याशी विधानसभा में पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में वोटरों की अलग-अलग सोच होती है। भाजपा ने 400 पार का झूठा नारा दिया जिससे वोटर भ्रमित हो गया। विशेषकर शहरी वोटर टीवी देखकर 400 पार के नारे पर भरोसा कर बैठा। लेकिन अब वोटरों ने हरियाणा में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने का फैसला कर लिया है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रचार जारी रखना चाहिए। विधानसभा चुनाव में मात्र तीन माह का समय बाकी है। प्रदेश की भाजपा सरकार से हर व्यक्ति परेशान है। विशेषकर नरवाना में लोगों के सामने अनेक दिक्कतें हैं। दबलैन रोड पर बन रहे ओवर ब्रिज के पूरा न होने, शहर में सफाई व्यवस्था फेल होने, पेयजल की कमी, पेयजल में सीवरेज का गंदा पानी आने, माईनरों की टेल तक पानी नहीं पहुंचने, शहर में लावारिश पशुओं व बंदरों के आंतक, प्रापर्टी और फैमली आईडी की उलझलों को लेकर हर व्यक्ति परेशान है। इस अवसर पर जगरूप सिंह सुरजेवाला, जियालाल गोयल, नरेश आर्य, देवेंद्र जांगडा, अशोक कक्कड, स'जन सिंगला, विनोद मंगला, पार्षद आशूतोष शर्मा, सोनू बाल्मीकि पार्षद, सतीश सेतिया, विनोद रायका पार्षदा, चरणसिंह पार्षद, सतीश गोयल उझाना पार्षद, पूर्व अध्यक्ष मालाराम, शोभराज बागडी, राकेश शर्मा, धौला नैन सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



### परशुराम धर्मशाला में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

**जुलाना।** कस्बे के परशुराम धर्मशाला में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा नेता डा. सुरेंद्र लाठर ने की। बैठक में राई से विधायक और सोनीपत लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल ने शिरकत की। बैठक में कार्यकर्ताओं ने सोनीपत लोकसभा सीट पर हुई हार की गलतियां गिनवाई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि सबसे 'यादा फर्जी वोटिंग जुलाना हलके में हुई है। इसके अलावा सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं की जानकारी कार्यकर्ता आमजन तक नही पहुंचा पाए। भाजपा नेता डा सुरेंद्र लाठर ने कहा कि फर्जी वोटिंग और विपक्ष द्वारा संविधान बदलने का एजेंडा चलाया गया था जोकि हार के मुख्य कारण रहे। मोहनलाल ने कहा कि हार जीत तो लगी रहती है। यह समय मंथन का समय है। सभी कार्यकर्ता संकल्प लें कि वो विधानसभा चुनाव में भारी वोटों से भाजपा को जिताने का काम करेंगे। इस मौके पर रामफल शर्मा, पुष्पा तायल, नीरज मलिक, गौरव भारद्वाज, सत्यवान खटकड़ आदि मौजूद रहे।

### मजदूरों को कोई भी सुविधा नहीं मिल रही

**जींद।** भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा सीटू के रा'य उपप्रधान कश्मीर सिंह सेलवाल, रा'य सचिव कपूर सिंह और संदीप जाजवान ने कहा कि मुख्यमंत्री का निर्माण श्रमिकों के बारे में बयान झुठ का पुलिंदा है। भाजपा राज में निर्माण मजदूरों को कोई भी सुविधा नही मिल रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री इस तरह की बयानबाजी करके मजदूरों के साथ मजाक कर रहे हैं। भाजपा सरकार अपने राजनीतिक फायदे के लिए बोर्ड के पैसों का दुरुपयोग करके झूठी वाहवाही लूटने का काम कर रही है। जबकि पांच सालों से भाजपा सरकार बोर्ड के पैसों पर कुंडली मारे हुए है। जो पैसा मजदूरों को देना चाहिए था, उस पर बेमानी ऑब्जेक्शन लगा कर श्रमिकों को सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है। भाजपा सरकार ने श्रम कल्याण बोर्ड को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### बलबेहडा में मिला 45 वर्षीय व्यक्ति का शव

**कैथल।** गांव बलबेहडा में 45 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से हड़कप मच गया। मृतक के भाई ने पड़ोस की ही एक महिला पर अन्य लोगों के साथ मिलकर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। गांव बलबेहडा के गुलाबा ने चीका थाना में दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 12 जून को उसने सुबह करीब चार बजे उठ कर देखा कि उसका भाई जगरूप अपने बैड पर नहीं था। जब वह घर का दरवाजा खोलकर बाहर गली में आया तो उसी समय सुखविंद्र सिंह भी अपने घर से बाहर निकला। सुखविंद्र सिंह ने उसके भाई को अपने घर से करीब 10-11 फीट दूरी पर गली में पड़ा हुआ देखा। उन्होंने उसे हिलाकर देखा तो जगरूप मृत अवस्था में पड़ा था।

## बुधवार तक इलेक्ट्रीशियन कोर्स के लिए पहुंचे 23111 आवेदन

# आईटीआई: छात्रों के सिर चढ़कर बोल रहा इलेक्ट्रीशियन का जादू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** कैथल के राजकीय आईटीआई में हैल्प डेस्क पर ऑनलाइन आवेदन करते युवा। फोटो : हरिभूमि

प्रदेश की राजकीय आईटीआई में मिशन एडमिशन जोर-शोर से शुरू है। आनलाइन आवेदन किए जा रहे हैं जिसकी अंतिम तिथि 21 जून तक निर्धारित की गई है। 7 जून से लेर 12 जून तक पोर्टल पर कुल 26727 पंजीकरण हुए हैं। इन आवेदनों में से इलेक्ट्रिशियन व्यवसाय के लिए 23111 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। जबकि दूसरे कोर्सों में आवेदन 10 हजार का आंकड़ा भी नहीं छू पाए हैं। बता दें कि इलेक्ट्रिशियन पास करने वाले विद्यार्थियों को बिजली निगम में बतौर इलेक्ट्रिशियन या लाइनमैन के पद पर नौकरी मिल जाती है। हालांकि कुछ साल पहले यह कुछ आसान नजर आ रहा था लेकिन अब इतना आसान नहीं रहा है। प्रदेश के आईटीआई से प्रतिवर्ष करीब 20000 विद्यार्थी इलेक्ट्रिशियन का कोर्स करते हैं जबकि सरकारी नौकरी मुश्किल से 5 प्रतिशत को भी नहीं मिल पाती लेकिन युवाओं का मानना है कि इलेक्ट्रिशियन पास से रोजगार आसानी से हासिल किया जा सकता है। विभागीय पोर्टल के अनुसार इलेक्ट्रिशियन व्यवसाय के लिए अब तक जहां 23111 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है तो वहीं दूसरे नंबर पर कोपा ट्रेड है। इसके लिए 10280 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। इसी प्रकार से तीसरे नंबर पर वायरमैन का कोर्स है। इसी प्रकार से टॉप टेन में इलेक्ट्रिशियन, कोपा, वायरमैन, आरएसी, वैल्डर, मशीनीस्ट, इलेक्ट्रोनिक मैकेनिक, पलंबर व मोटर मैकेनिक व्हीकल शामिल हैं। बता दें कि आनलाइन आवेदन के दौरान एक विद्यार्थी अधिकतर 10 कोर्स तथा 15 आईटीआई चयनित कर सकता है। जिस प्रकार से युवाओं का मोह इलेक्ट्रिशियन कोर्स की ओर हुआ है तो ऐसे में प्राइवेट आईटीआई संचालकों की चांदी हो रही है। प्राइवेट आईटीआई संचालक इलेक्ट्रिशियन कोर्स के लिए करीब 55 से 60 हजार रुपये तक वसूल रहे हैं।